भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या – 3231

सोमवार, 09 दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक)

परियोजनाओं पर हुआ व्यय

3231. श्री सत्यदेव पचौरी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं पर हुए कुल सरकारी व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन योजनागत परियोजनाओं में से कितनी परियोजनाएं निष्पादित की गई हैं और कितनी योजनाओं का कार्यान्वयन शुरू हुआ है?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) व्यय विभाग, प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों की लोक वित्तपोषित स्कीमों/परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन करता है। परियोजनाओं की योजना बनाने और प्रारंभिक कार्य प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा किया जाता है। 'लोक वित्तपोषित स्कीमों और परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुमोदन' के संबंध में व्यय विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 100 करोड़ रुपए तक के पूर्व-निवेश कार्य प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग के सचिव द्वारा अनुमोदित किए जा सकते हैं। पूर्व-निवेश कार्यों में योजना बनाना और प्रारंभिक कार्य शामिल हैं, जैसे कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, साध्यता रिपोर्ट तैयार करना, स्कीमों के लिए आरंभिक प्रयोग/अध्ययन, बड़ी परियोजनाओं के लिए अपेक्षित सर्वेक्षण/जांच करना आदि।

(ख) निष्पादित परियोजनाओं और कार्यान्वित योजनाओं की संख्या का ब्यौरा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के पास उपलब्ध है।

*****